न्यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं उपखण्ड अधिकारी महवा जिला दौसा

	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्य जज दयाराम बनाम उदयसिंह मु0नं0 84/2024	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
25.07.2025	प्रार्थना पत्र आदेश 13 नियम 9 जा0दी0 प्रस्तुत करने पर पत्रावली आज तलब की गई। वादीगण ने अपने दावा के साथ दस्तावेज सबूत में असल रजिस्टर्ड बयनामा संलग्न किया था जो प्रदर्श भी कराया गया है। वादीगण अपने असल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 17.12.2009 को वापिस लेना चाहता है। प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया है कि प्रार्थीगण को असल दस्तावेज विक्रय पत्र को वापिस करने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। वादी द्वारा अपने वादपत्र के समर्थन में असल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 17.12.2009 पेश किया था। वादी को असल दस्तावेज की आवश्यकता है। चूंकि वादपत्र में निर्णय पारित हो चुका है तथा विक्रय पत्र दिनांक 17.12.2009 की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत की है जिसे शामिल पत्रावली किया गया। इसलिये असल दस्तावेज दिये जाना विधि संगत है। अतः वादीगण/प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र आदेश 13 नियम 9 जा0दी0 स्वीकार किया जाता है। वादी को असल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 17.12.2009 लोटाया जावे। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी महवा (दौसा)	